हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**प्रमुख परियोजनाएं**

- उरगा-कोरबा कटघोरा रिंग रोड (42.1 किमी) - 1,593 करोड़ रुपए
- बसना से सारंगढ़ (33 किमी) - 490 करोड़ रुपए
- सारंगढ़ से रायगढ़ (56 किमी) - 825 करोड़ रुपए
- रायपुर-लखनादोन इकोनोमिक कॉरिडोर (105 किमी) - 6,300 करोड़ रुपए

### रायपुर लेकर केशकाल घाट तक होंगे निर्माण

बैठक में केशकाल घाट व धमतरी-जगदलपुर मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण कार्य की भी मंजूरी दी गयी। एनएचएआई के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग एवं बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग को समय सीमा में पूर्ण करने के शेष पेज 4 पर

- केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने दी मंजूरी
- गडकरी के साथ सीएम की समीक्षा बैठक
- चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का होगा विकास



# छग की सड़कों के लिए खुला पिटारा, 11 हजार करोड़ मंजूर

## टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच ग्रेड सेपरेटर, केशकाल घाट फोरलेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/ रायपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी देकर राज्य को एक बड़ी सौगात दी है। इस राशि से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास किया जाएगा। रायपुर में टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच ग्रेड सेपरेटर (फ्लाईओवर) व विधानसभा रोड से बिलासपुर रोड (धनेली) को जोड़ने वाले मार्ग के अलावा रायपुर एक्सप्रेस वे पर ग्रेड सेपरेटर बनाने शेष पेज 4 पर

### छत्तीसगढ़ में एनएच परियोजनाओं की समीक्षा

नई दिल्ली के भारत मंडपम में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की।

### छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक बड़ी सौगात है। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। शेष पेज 4 पर

**इस बार धान खरीदी थोड़ी देर से**

# 1 नहीं, 15 नवंबर से होगी खरीदी

- मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में प्रस्ताव
- 21 क्विंटल प्रति एकड़ पर होगी धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल खरीफ सीजन की फसल खासकर धान और मक्का की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी में देरी होगी। वजह ये है कि इस बार दीपावली 31 अक्टूबर को है। ऐसे में एक नंवबर से खरीदी मुश्किल है। इसके साथ ही 1 नवंबर से राज्योत्सव भी होना है। धान खरीदी और कस्टम मिलिंग नीति तय करने शेष पेज 4 पर

### 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदी

मंत्रिमंडलीय उप समिति के अध्यक्ष मंत्री दयाल दास बघेल ने मीडिया से चर्चा में बताया कि 31 सौ रुपए के भाव से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के साथ, सभी धान खरीदी केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन से शेष पेज 4 पर

**खबर संक्षेप**

### खेर की तस्वीर वाले नोट देकर 2.1 किलो सोना ले उड़े



**अहमदाबाद।** गुजरात में दो अज्ञात व्यक्ति अभिनेता अनुपम खेर की तस्वीर वाले नकली नोट थमाकर सर्राफा कारोबारी का 2.1 किलोग्राम सोना लेकर रफू-चक्कर हो गए। कारोबारी मेहुल ठक्कर ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने बताया किस तरह उन्हें धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया।

### सीबीआई ने 26 साइबर अपराधियों को पकड़ा



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दुनियाभर में लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाने से जुड़ीं गतिविधियों में शामिल होने के आरोपी 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी हुई।

### आईएएस अनुराग होंगे मप्र के मुख्य सचिव



**भोपाल।** आईएएस के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग जैन को सोमवार को मप्र का मुख्य सचिव नामित किया गया। वह 1988 बैच के अधिकारी वीरा राणा का स्थान लेंगे। राणा का कार्यकाल दो बार छह-छह महीने के लिए बढ़ाया गया था। जैन मध्य प्रदेश के 35वें मुख्य सचिव होंगे।

### अमेरिकी ने जारी किए 2.5 लाख नए वीजा



**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी मिशन ने पर्यटकों, कुशल श्रमिकों और छात्रों सहित भारतीय यात्रियों के लिए अतिरिक्त 250,000 वीजा अपॉइंटमेंट जारी किए हैं। हाल ही में जारी नए वीजा अपॉइंटमेंट भारतीय आवेदकों को समय पर साक्षात्कार देने में मदद करेंगे। इससे यात्रा में सुविधा होगी।

**दंतेवाड़ा न्यायालय में भर्ती का मामला, पांच-पांच लाख में हुआ था सौदा**

# 'बाबू की परीक्षा' में बाबू का फर्जीवाड़ा चौकीदार से मिलकर बदली उत्तरपुस्तिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

न्यायालय ने स्थानीय स्तर पर पिछले माह 5 पदों के लिए परीक्षा का आयोजन किया था। सहायक ग्रेड 3 के लिए 4 पद तथा स्टेनो के 1 पद के लिए 25 अगस्त को परीक्षा संपादित की गई। इन पदों के लिए कोर्ट के बाबू और चौकीदार ने अभ्यार्थियों से संपर्क कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। इन दोनों ने 5 अभ्यार्थियों से 5-5 लाख रुपए का सौदा कर उत्तर पुस्तिका ही स्ट्रांग रूम से निकाल कर दे दी। हस्ताक्षर भी चयन समिति की फर्जी किए गए। इन हस्ताक्षरों से ही अधिकारियों को शक हुआ। सीसीटीवी और अन्य गतिविधियों पर नजर डाली गई तो पूरा मामला खुल कर सामने आ गया। न्यायालय ने थाना में शिकायत दर्ज करवाई और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही। पुलिस दोनों आरोपी सहित 3 अभ्यार्थियों को जेल भेजा है।

कोर्ट में 25 अगस्त को सहायक ग्रेड 3 व स्टेनो पद के लिए परीक्षा हुई थी। परीक्षा की मेरिट सूची 14 सितंबर को जारी की गई। इससे पूर्व न्यायालय शेष पेज 4 पर

खास खबर

*न्यायालय में भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा की कापियों को बाबू व चौकीदार ने 5-5 लाख में सौदा कर बदल दिया। रिजल्ट घोषित होने पर फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ। रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस ने बाबू, चौकीदार सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।*



**खास बातें**

- न्यायालय ने सहायक ग्रेड 3 व स्टेनो पद के लिए किया था परीक्षा का आयोजन
- 2 आरोपी सहित 5 को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर जेल



### बीएनएस की धाराओं में मामला पंजीबद्ध

स्थानीय स्तर पर आयोजित बाबू की परीक्षा जिसमें स्टेनो का एक पद और सहायक ग्रेड के 4 पदों के लिए कोर्ट के बाबू और चौकीदार ने फर्जी तरीके से उत्तर पुस्तिकाओं के अदला-बदली का खेल खेला।

इन पदों के लिए पैसों के लेन-देन कर फर्जीवाड़ा में आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 61, 318, 334, 336, 338, 340 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया है।

### फर्जी हस्ताक्षर देख चयन समिति के उड़े होश

थाना प्रभारी विजय पटेल ने बताया कि उत्तर पुस्तिका में पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर से फर्जीवाड़े का खुलासा किया। फर्जी हस्ताक्षर देख चयन समिति के होश उड़ गए। इसके बाद समिति ने पूरी छानबीन शुरू की तब वास्तविकता सामने आई कि न्यायालय के बाबू और चौकीदार ने मिलीभगत कर पूरे खेल को अंजाम दिया। कोर्ट ने पहले विभागीय जांच करवाई फिर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में 5 आरोपियों को पकड़ा गया है। इनसे एक लाख 28 हजार रुपए बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने 5 पदों के लिए प्रत्येक से 5-5 लाख रुपए में सौदा तय होने की बात कही। इनमें से एक अभ्यर्थी ने डेढ़ लाख रूपए एडवांस दिए थे।

**मजदूर का बेटा आईआईटी में पढ़ेगा**

# सीजेआई बोले- पैसे की तंगी के चलते न हो टैलेंट बर्बाद

*17500 रुपए फीस जमा न कर पाने से कैंसल हुआ था एडमिशन, अब सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, छात्रावास सहित सभी सुविधाएं देने का आदेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गरीब छात्र को अब आईआईटी में प्रवेश मिल सकेगा। छात्र को मात्र 17,500 रुपए फीस समय पर जमा नहीं कर पाने की वजह से आईआईटी में एडमिशन नहीं मिला था। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईआईटी-धनबाद से फीस जमा न करने के कारण सीट गंवाने वाले दलित युवक को प्रवेश देने को कहा। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि पैसों की तंगी के चलते टैलेंट बर्बाद न हो। दलित युवक फीस जमा करने की समय सीमा चूकने के कारण आईआईटी-धनबाद में प्रवेश नहीं ले पाया था। अब कोर्ट ने संस्थान से शेष पेज 4 पर



### दिहाड़ी मजदूर का बेटा

यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के टिटोरा गांव में रहने वाले अतुल कुमार (18) एक दिहाड़ी मजदूर का बेटे हैं। उनका परिवार गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी में है। अतुल कुमार के माता-पिता 24 जून तक फीस के रूप में 17,500 रुपए जमा करने में विफल रहे, जो आवश्यक शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि थी। कुमार के माता-पिता ने आईआईटी की सीट बचाने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण और मद्रास उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया था।

### इधर, कोर्ट ने कहा- देवताओं को तो राजनीति से दूर रखें

तिरुपति मंदिर लड्डू विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि कम से कम देवताओं को तो राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने जानना चाहा कि इस बात का क्या सबूत है कि तिरुपति लड्डू बनाने में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह भी पूछा कि जब मामले की जांच के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं तो सार्वजनिक बयान देने की क्या जरूरत थी। पीठ ने कहा, कम से कम, हम उम्मीद करते हैं कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि यह आस्था का मामला है और अगर लड्डू बनाने में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया है तो यह अस्वीकार्य है। मामले में सुनवाई जारी है।

**लोहारीडीह मामले में छग हाईकोर्ट में याचिका**

# मृतक की बेटी को मप्र में केस फाइल करने की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

लोहारीडीह संदिग्ध मौत मामले को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की हुई है। मृतक शिवप्रसाद साहू की बेटी की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता को मध्यप्रदेश के ज्यूरिडिक्शन में केस फाइल करने छूट दी है। दरअसल याचिकाकर्ता ने पुनः पोस्टमार्टम की मांग को लेकर याचिका लगाई थी। बता दें कि, संदिग्ध परिस्थितियों में मृतक की फांसी पर लाश लटकी मिली थी।

मामले में याचिकाकर्ता की ओर से वकील संदीप दुबे ने बताया कि 15 सितंबर को शेष पेज 4 पर

**याचिकाकर्ता ने पोस्टमार्टम और जांच की मांग की**



### विस्तृत पीएम और जांच की मांग

याचिका में मामले में विस्तृत पोस्टमार्टम करने और जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। मामले में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि, क्योंकि यह घटना मध्यप्रदेश बॉर्डर के अंतर्गत हुई है। वहां की पुलिस मामले में जांच कर रही है, इसलिए छत्तीसगढ़ की पुलिस मामले में जांच नहीं कर सकती। इसके बाद चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच ने मृतक की बेटी को एमपी के अदालत में याचिका दायर करने की छूट दी है। गौरतलब है कि मृतक का शव लोहारीडीह में इस वक्त दफन है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि मध्यप्रदेश पुलिस के छत्तीसगढ़ आने पर राज्य की पुलिस जांच में सहयोग करेगी। मामले में मृतक की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने पैरवी की।

**चुनाव से पहले बड़ा फैसला, देश का दूसरा राज्य**

# महाराष्ट्र में देसी गाय को अब 'राज्यमाता-गोमाता' का दर्जा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने वैदिक काल से देसी गायों के महत्व को देखते हुए सोमवार को उन्हें 'राज्यमाता-गोमाता' घोषित किया। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब राज्य विधानसभा चुनाव जल्द ही होने की संभावना है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संवाददाताओं को बताया कि देसी गायों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को इन गायों के लिए चारा भी उपलब्ध कराएगी।



### उत्तराखंड देश का पहला राज्य

भारत में गाय को राजमाता या राष्ट्रमाता घोषित करने वाला पहला राज्य उत्तराखंड है। उत्तराखंड विधानसभा ने 19 सितंबर 2018 को इस संबंध में एक संकल्प पारित किया, जिसमें गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की गई थी। यह संकल्प सर्वसम्मति से पारित हुआ और इसे केंद्र सरकार को भेजा गया। अब महाराष्ट्र की शिंदे सरकार की कैबिनेट ने राजमाता का दर्जा दिया गया है।

# नेतन्याहू से बोले मोदी- दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की है। इस बारे में पीएम मोदी ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि भारत शांति के लिए प्रतिबद्ध है और हमारी दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। पीएम ने इजरायली पीएम से बात करने के बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से पश्चिमी एशिया में घट रहे हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा हुई। हमारी दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

**प्रधानमंत्री ने इजरायली पीएम से की बात**



### नेतन्याहू ने ईरान की जनता को किया था संबोधित

इससे पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को ईरान की जनता को सीधे संबोधित करते हुए ईरानी शासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, 'हर दिन, ईरान का शासन आपको दबा रहा है। पूरे क्षेत्र को युद्ध और अंधकार में धकेल रहा है। ईरान के नेताओं की प्राथमिकता जनता का कल्याण नहीं, बल्कि लेबनान और गाजा में फालतू के युद्धों में पैसे बर्बाद करना है। सोचिए अगर वह धन जो ईरान के नेता परमाणु हथियार और विदेशी युद्धों में बर्बाद कर रहे हैं, आपकी शिक्षा, स्वास्थ्य और देश के विकास में लगाया जाता।

**नवरात्रि पर नई सुविधा**

# वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों के लिए कटरा में पंजीयन केंद्र



**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) नवरात्रि नजदीक आने के मद्देनजर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित आमद को देखते हुए कटरा में रेलवे स्टेशन पर पंजीकरण काउंटर खोलेगा। बोर्ड ने ती अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्रों के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की और नौ दिवसीय त्योहार से पहले कड़ी सुरक्षा और अन्य तैयारियों पर जोर देने का आह्वान किया।

### 47 स्थानों पर होगा पंजीकरण

स्टेशन पर आठ समर्पित काउंटर स्थापित किए गए हैं। यहां सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं का पंजीकरण शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही पंजीकरण काउंटरों की संख्या 39 से बढ़कर 47 हो गई है। श्रद्धालु 47 स्थानों पर पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण काउंटरों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

**हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता मिथुन को सम्मान**

# 'दादा' को मिलेगा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/कोलकाता

हिंदी सिनेमा में डिस्को डांस को लोकप्रिय बनाने वाले तथा 'मृगया', 'सुरक्षा', 'डिस्को डांसर' और 'डांस डांस' जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकार ने सोमवार को उन्हें 'दादा साहेब फाल्के' पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सोमवार को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें एक सांस्कृतिक दूत बताया। मोदी ने शेष पेज 4 पर



### 8 अक्टूबर को मिलेगा पुरस्कार

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि मिथुन चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा। तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने चक्रवर्ती को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना।

### डिस्को डांसर से हुए मशहूर

मिथुन 1982 की सुपरहिट फिल्म 'डिस्को डांसर' में अपनी विशिष्ट नृत्य शैली से मशहूर हुए। उन्हें 'आई एम ए डिस्को डांसर' और 'याद आ रहा है' जैसे बेहद लोकप्रिय गीतों के माध्यम से भारत में डिस्को नृत्य के युग की शुरुआत करने का श्रेय दिया जाता है।

**फिल्म 'मृगया' से अभिनय की शुरुआत:** मृणाल सेन की 1976 में आई फिल्म 'मृगया' से मिथुन चक्रवर्ती ने फिल्मों में अभिनय की शुरुआत की थी। इसके लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता था। उन्होंने 1992 की फिल्म 'तहादेर कथा' (सर्वश्रेष्ठ अभिनेता) और 1998 की फिल्म 'स्वामी विवेकानंद' (सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता) के लिए भी दो और राष्ट्रीय पुरस्कार जीते।

### पद्म पुरस्कार से हो चुके सम्मानित

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार की घोषणा से कुछ महीने पहले ही चक्रवर्ती को भारत सरकार के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया था। चक्रवर्ती का वास्तविक नाम गौरांग चक्रवर्ती है। वह भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे (एफटीआईआई) के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने हिंदी और बांग्ला सिनेमा में प्रमुखता से काम किया है।



# अलग-अलग पार्टियों से ताल ठोक रहे भजनलाल के बेटे व पोते




*कांग्रेस के चंद्रमोहन और उनके भतीजे एवं भाजपा के भव्य बिश्नोई भले ही प्रतिद्वंद्वी पार्टियों से तथा अलग-अलग सीटों पर चुनाव लड़ रहे हों, लेकिन उनमें यह बात समान है कि वे दोनों ही पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की विरासत के सहारे हैं। मोहन (59) चार बार के पूर्व विधायक हैं। वह दिवंगत भजनलाल के बड़े बेटे हैं जबकि बिश्नोई पूर्व मुख्यमंत्री के पोते एवं मौजूदा विधायक हैं। मोहन पांच अक्टूबर को होने वाला हरियाणा विधानसभा चुनाव पंचकूला से लड़ रहे हैं, जहां 10 उम्मीदवारों में वह भाजपा के मौजूदा विधायक एवं निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता का भी सामना कर रहे हैं।*

## पूर्व मुख्यमंत्री की विरासत के आसरे हैं चंद्रमोहन व भव्य बिश्नोई

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य हिसार जिले की आदमपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। चंद्रमोहन, कुलदीप बिश्नोई के बड़े भाई हैं। अपने पिता कुलदीप के साथ भव्य दो साल पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। भव्य ने दो साल पहले हुए उपचुनाव में यह सीट जीती थी। आदमपुर उपचुनाव, कुलदीप के कांग्रेस विधायक के तौर पर इस्तीफे और भाजपा का दामन थामने के बाद कराना पड़ा था। आदमपुर, भजनलाल के परिवार का गढ़ रहा है, जो हरियाणा में एक कद्दावर गैर-जाट नेता थे और सभी समुदायों में उनका अच्छा-खासा प्रभाव था। उनके परिवार के अलावा कोई भी व्यक्ति इस सीट से नहीं जीत पाया है। उन्होंने नौ बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया, जबकि उनके बेटे कुलदीप बिश्नोई चार बार इस निर्वाचन क्षेत्र से विधायक रहे।

### हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान आठ अक्टूबर को होगी मतगणना





पंचकूला में चुनाव प्रचार करते हुए चंद्रमोहन ने अपनी और कांग्रेस पार्टी की जीत का विश्वास जताते हुए कहा कि लोग भाजपा को सत्ता से बेदखल करना चाहते हैं। भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में कोई काम नहीं किया है। उन्होंने कहा, "भजनलाल जी के समय में पंचकूला में सबसे अधिक विकास हुआ, युवाओं को रोजगार मिला, कई संस्थान और अच्छी सड़कें बनीं।" भाजपा पर निशाना साधते हुए मोहन ने कहा कि वे दावा करते हैं कि उनके समय में पंचकूला में विकास कार्यों के लिए 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए, "लेकिन हम जानना चाहते हैं कि वह पैसा कहां गया, जमीनी स्तर पर कोई विकास दिखाई नहीं देता।" उन्होंने कहा, "मेरे पिता का सपना पंचकूला का विकास पेरिस जैसे आधुनिक शहरों की तरह देखने का है।" पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को पंचकूला में मोहन के लिए चुनाव प्रचार किया था। हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान होना है, जबकि मतगणना आठ अक्टूबर को होगी।

**भाजपा ने 10 वर्षों में नहीं किया कोई काम**

### लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी भाजपा

*इधर, आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र में भव्य ने भी चुनाव प्रचार तेज कर दिया। अपने दादा भजनलाल के बारे में भव्य ने कहा कि वह एक दूरदृष्टा थे जिन्होंने विकास के जरिये हरियाणा की सूरत बदल दी। उन्होंने कहा कि पांच दशक से अधिक समय से आदमपुर के लोगों ने भजनलाल परिवार पर अपना विश्वास जताया है। कुलदीप बिश्नोई ने भजनलाल को एक संस्था, एक दूरदृष्टा नेता बताते हुए कहा कि उनका बेटा होना उनके लिए गर्व की बात है। कुलदीप और भव्य ने दावा किया कि भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।*

**खबर संक्षेप**

### मानहानि मामला : केजरीवाल आतिशी को मिली बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** मानहानि केस में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी को बड़ी राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। हाई कोर्ट से झटका मिलने के बाद दोनों नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आपराधिक मानहानि का मामला बीजेपी नेता राजीव बब्बर ने साल 2019 में दर्ज किया था और आरोप लगाया था कि आप नेता बीजेपी को बदनाम कर रहे हैं।

### सिद्धरमैया के खिलाफ धनशोधन का केस दर्ज

**नई दिल्ली।** ईडी लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उनकी पत्नी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण प्रकरण के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। ईडी अपनी ईसीआईआर में सिद्धरमैया के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम की धाराएं लगाईं हैं।



### इमरान पर आतंकवाद का नया मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आह्वान पर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ शनिवार को तीन नए मामले दर्ज किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पहले से ही जेल में बंद हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक पर रविवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान के साथ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।



### सीतारमण को बड़ी राहत इलेक्टोरल बॉन्ड केस में एफआईआर पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए कथित जबरन वसूली से संबंधित एक मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सोमवार को बड़ी राहत दी है। हाई कोर्ट ने उनके और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया है और चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित कथित अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई तक यह रोक जारी रहेगी। चुनावी बॉण्ड योजना अब रद्द हो चुकी है।



**चुनावी सभा में राहुल गांधी ने की भाजपा की आलोचना**

# 'यह सरकार बड़े उद्योगपतियों की हरियाणा में नहीं चाहिए ऐसी सरकार'



**मनमुटाव की खबरों के बीच रैली में हुड्डा, सैलजा ने साझा किया एक मंच**

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि जैसे 'सुनामी आती है, वैसे ही गौतम अदाणी के बैंक खाते में पैसे आते रहते हैं', जबकि आम आदमी संघर्ष करता रहता है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाएगी और बदलाव लाएगी। अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि लड़ाई कांग्रेस और भाजपा तथा उनकी विचारधाराओं के बीच है। उन्होंने कहा, 'एक तरफ न्याय और दूसरी तरफ अन्याय है।' रैली के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी सैलजा भी उपस्थित रहे। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह सरकार बड़े उद्योगपतियों की है। उन्होंने कहा, 'हरियाणा में हमें ऐसी सरकार नहीं चाहिए, बल्कि किसानों, मजदूरों और गरीबों की सरकार चाहिए।'

### किसानों, गरीबों और मजदूरों के हितैषी है कांग्रेस

राहुल ने दावा किया कि कांग्रेस किसानों, गरीबों और मजदूरों के हितों की रक्षा करती है, जबकि भाजपा बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि किसानों के फायदे के लिए कानून बनाए गए हैं। उन्होंने कहा, 'अगर किसानों के लिए कानून बनाए गए हैं, तो देश में किसान सड़कों पर क्यों हैं? क्योंकि किसान जानता है कि एक और तरीके से उनकी जेब से पैसा निकाला जाएगा।' कांग्रेस नेता ने कहा कि विकास के नाम पर किसानों और गरीबों की जमीन ली जा रही है, लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि उद्योगपतियों की जमीन ली गई हो। किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उनकी उपज का सही दाम नहीं दिया जाता और फिर जब वे सेना में जाने की सोचते हैं तो उन्हें अग्निपथ योजना का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'यह अग्निवीर योजना नहीं है, यह जवानों की पेंशन छीनने का तरीका है। सामान्य जवान को जीवन भर पेंशन मिलती है। अग्निवीर को पेंशन नहीं मिलेगी। इसका मतलब है कि उनकी जेब से पैसा छीन लिया गया है।'

### संविधान बदलने की बात करने वालों को बदल दीजिए : प्रियंका

*कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के लोगों को उन लोगों को बदल देना चाहिए, जो संविधान 'बदलने' की बात करते हैं और हर स्तर पर उसका 'अपमान' करते हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली चुनावी रैली में उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के लोगों ने हमेशा देश की रक्षा की है। उन्होंने कहा, 'किसानों, जवानों और खिलाड़ियों ने देश का सम्मान बरकरार रखा है।' उन्होंने आरोप लगाया, 'भाजपा पिछले 10 वर्षों से हरियाणा में सरकार में है। उन्होंने इस सम्मान की रक्षा के बदले में आपको क्या दिया? उन्होंने (भाजपा सरकार) हर स्तर पर आपका अपमान किया।'*

### राहुल ने सैलजा और हुड्डा का यूं मिलवाया हाथ

*राहुल, प्रियंका की हरियाणा में विजय संकल्प रैली के दौरान एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला। नारायणगढ़ की रैली समाप्त होने के बाद सभी नेताओं ने एक साथ हाथ उठाकर जनता का अभिवादन किया। इस दौरान कुमारी सैलजा राहुल गांधी के एक तरफ खड़ी थीं और दूसरी तरह भूपिंदर सिंह हुड्डा थे। तभी राहुल गांधी ने पीछे हटते हुए दोनों नेताओं का हाथ मिला दिया। इस दौरान जनता ने जमकर तालियां बजाईं। बता दें, दरअसल, कांग्रेस में इस वक्त भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा दोनों के बीच मान-मनौव्वल की कोशिश की जा रही है। दोनों ही नेता सीएम पद को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते हैं।*

**हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने कहा**

# 'राजनीतिक पर्यटन पर आए हैं राहुल, उन्हें जनता को देना होगा जवाब'

एजेंसी ▶▶| नारनौल (हरियाणा)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में कोई अंदरूनी कलह नहीं है और उनकी पार्टी राज्य में तीसरी बार सरकार बनाएगी क्योंकि मतदाता कांग्रेस की 'झूठ की दुकान' को स्थापित नहीं होने देंगे। सैनी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की 'हरियाणा संकल्प यात्रा' के दूसरे चरण से पहले कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए उनकी यात्रा को 'राजनीतिक पर्यटन' करार दिया। सैनी ने यहां 'पीटीआई भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'हरियाणा में अब तक कांग्रेस का कोई भी वरिष्ठ नेता प्रचार नहीं कर रहा था और अब गांधी राजनीतिक पर्यटन पर निकल पड़े हैं। पिछले 10 साल में हमने राज्य में जो विकास किया है, उसे देखने के लिए उनका स्वागत है। हालांकि, उन्हें भूपेंद्र हुड्डा के कार्यकाल के 'खर्ची' और 'पर्ची' सिस्टम को लेकर मतदाताओं के सवालों का सामना करना पड़ेगा।'



### भाजपा में कोई गुटबाजी नहीं

सैनी ने यहां कहा, 'कोई अंदरूनी कलह नहीं है, कोई गुटबाजी नहीं है, हम सब एकजुट हैं। वे (सिंह और विज) हमारे वरिष्ठ नेता हैं और हमारे चुनाव अभियान में सबसे आगे रहे हैं। भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, कोई भी अपनी दावेदारी पेश कर सकता है। संसदीय बोर्ड फैसला करेगा और जो भी फैसला होगा वह हम सभी को स्वीकार्य होगा... कोई लड़ाई नहीं है, कोई लड़ाई नहीं होगी।'

### 'आपका बेटा केजरीवाल पूरी करेगा 5 गारंटी' : चड्ढा



हरियाणा के नारनौल में आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने जनता से पांच गारंटियों को पूरा करने का वादा किया। राघव चड्ढा ने कहा, "अगर सरकार की चाबी अगर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के हाथ में आ गई तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पांच गारंटी पूरी करवाने का काम अरविंद केजरीवाल करेंगे। उन्होंने कहा, "पहली गारंटी है मुफ्त बिजली. हरियाणा में पावर कट बंद हो जाएंगे और हरियाणा के एक-एक परिवार को 24 घंटे फ्री बिजली मिलेगी। दूसरी गारंटी हरियाणा के सभी लोगों को विश्वस्तरिय दवा और इलाज मिलेगा। तीसरी गारंटी विश्वस्तरीय और बेहतरीन शिक्षा बच्चों और नौजवानों को दी जाएगी।

### पिंडदान... गया में विदेशी श्रद्धालु ...




**गया।** बिहार के गया जिले के देवघाट में सोमवार को विदेशी श्रद्धालु पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान अनुष्ठान करते हुए। बता दें, भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा यानी 17 सितंबर से पितृ पक्ष की शुरुआत हुई थी। इसकी समाप्ति 2 अक्टूबर को होगी।

**लखनऊ में रविवार रात शिया समुदाय ने निकाला कैंडल मार्च**

# नसरुल्लाह के समर्थन में रायपुर, लखनऊ सहित दुनियाभर में सड़कों पर उतरे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



इजराइल की सेना ने लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह को मार गिराया है। अमेरिका, इजराइल समेत कई देश हिजबुल्लाह को आतंकी संगठन मानते हैं। हसन नसरुल्लाह की मौत के कारण मध्य पूर्व में और ज्यादा तनाव फैल गया है। नसरुल्लाह की मौत को लेकर लेबनान समेत कई देशों में प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं, अब भारत के भी कई राज्यों में इस घटना को लेकर प्रदर्शन होते दिखाई दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुराने शहर इलाके में सैकड़ों लोगों ने हसन नसरल्लाह की मौत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। छोटे इमामबाड़ा से बड़े इमामबाड़ा तक कैंडल मार्च भी निकाला गया। लोगों की भीड़ ने अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारेबाजी भी की है। दरअसल, इस पूरे प्रदर्शन का नेतृत्व शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने किया था। कल्बे जव्वाद ने इसके साथ ही नसरल्लाह की मौत को लेकर रविवार से तीन दिवसीय शोक का आह्वान भी किया है।

### रायपुर में भी कैंडल मार्च प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ के रायपुर में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत पर शिया समुदाय ने रविवार रात सड़क पर निकल आया। हाथों में बैनर और कैंडल लिए मार्च निकाला। इस दौरान नसरल्लाह की मौत और इजराइल के हमले के विरोध में काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन किया। कैंडल मार्च रात 9.15 बजे मोमिनपारा की हैदरी मस्जिद से हुसैनी चौक तक निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग हाथ में कैंडल के साथ नसरल्लाह के पोस्टर पकड़े हुए थे। इससे पहले सुबह से ही शिया समुदाय के लोगों ने अपनी दुकानें बंद रखी और शोक मनाया।

### इजराइल ने अब हमास के लेबनान प्रमुख को मार गिराया

**नई दिल्ली।** सोमवार की सुबह इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत के रिहायशी इलाकों में हवाई हमले किए। कोला इलाके में मिसाइल से एक बहुमंजिला आवासीय इमारत को निशाना बनाया। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं कई लोग घायल हो गए। इसके साथ ही आईडीएफ ने हमास के लेबनान चीफ फ़तेह शेरिफ़ को मार गिराने का दावा किया है।

**पाक में भी सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी :** पाकिस्तान में नसरुल्लाह के समर्थन में रविवार को प्रदर्शनकारी कराची स्थित अमेरिका के वाणिज्य दूतावास जाना चाहते थे। पुलिस के रोकने पर इन्होंने पथराव कर दिया। पुलिस को आंसू गैस के गोले तक छोड़ने पड़े। हिंसा में कई पुलिस वाले घायल हैं।

**वायुसेना के एएन-32 विमान का मामला**

# विमान हादसे के 56 साल बाद सेना ने खोजे चार शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आज से करीब 56 साल पहले 7 फरवरी 1968 को रोहतांग दर्रे (हिमाचल प्रदेश) पर दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय वायुसेना के परिवहन विमान एएन-32 में सवार चार और मृतकों के शव सेना ने बरामद कर लिए हैं। इसमें चंद्रभागा माउंटेन एक्सपीडिशन का सराहनीय योगदान है। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि यह भारतीय सेना के एक बेहद लंबे समय तक चलाए गए तलाशी अभियान में मिली असाधारण सफलता का प्रतीक है। इसमें सेना की डोगरा स्काउट्स और तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू की संयुक्त टीम शामिल थी। जिसने 29 सितंबर तक इन चार शवों को बरामद किया।



उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त इस दो इंजन वाले विमान में कुल 102 लोग सवार थे। विमान की उड़ान चंडीगढ़ से लेह तक थी। लेकिन अचानक ही यह रोहतांग दर्रे पर यह लापता हो गया। वहीं, विमान में सवार अन्य यात्रियों को ढूंढने के लिए 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक तलाशी अभियान जारी है। उक्त एक्सपीडिशन का उद्देश्य ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाकों में लापता सेना के वीर योद्धाओं के परिवार को उनके संबंध में पूर्ण जानकारी प्रदान करना है।

### आधिकारिक रिकॉर्ड से हुई पहचान

अधिकारियों ने बताया कि चंद्रभागा माउंटेन एक्सपीडिशन ने जिन चार और मृतकों के शव बरामद किए हैं। उनमें मलखान सिंह (पायनियर), सिपाही नारायण सिंह और क्राफ्ट्समैन थॉमस चरण (कॉर्प्स ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स) शामिल हैं। मृतकों से मिले दस्तावेजों और उनके परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान की गई है। मलखान सिंह की पहचान उनकी जेब से मिले वाउचर से की गई है। जिसका बाद में पायनियर ऑफिस रिकॉर्ड से भी मिलान किया गया। वहीं, क्राफ्ट्समैन चरण केरल के पत्तनमतिट्टा जिले के रहने वाले थे और उनकी पहचान आधिकारिक पे-बुक से हुई है। उनकी मां एलेमा को उनके संबंध में जानकारी दे दी गई है। इसके अलावा सिपाही नारायण सिंह जो कि सेना की चिकित्सा कोर में कार्यरत थे।

### 2019 में मिले थे पांच शव

अधिकारियों ने बताया कि दशकों से विमान में सवार लोगों के शव रोहतांग की बर्फीली पहाड़ियों में कहीं गुम थे। लेकिन मामले पर चर्चा की असल शुरुआत वर्ष 2003 में उस वक्त हुई। जब अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनरिंग ने विमान का मलबा बरामद किया था। इसके बाद सेना के डोगरा स्काउट्स दल ने वर्ष 2005, 2006, 2013 और 2019 में कई अभियान इस दिशा में चलाए। वर्ष 2019 में पांच शव बरामद किए गए थे।

**हालात भयावह, भारत तक मची तबाही**

# नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से करीब 200 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## जडेजा के 300 टेस्ट विकेट

रिकॉर्ड-2

रविंद्र जडेजा भारत के लिए 300 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। भारत के लिए 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए।



300 विकेट और 3000 रन बनाने वाले जडेजा दूसरे प्लेयर

### 27 हजार रन बनाने वाले कोहली दुनिया के चौथे बल्लेबाज

# ग्रीन पार्क में भारत का जलवा, एक टेस्ट-पांच रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कानपुर

भारत ने बारिश की झड़ी के बीच सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। एक ही टेस्ट में पांच शानदार रिकॉर्ड बना लिए। विराट कोहली ने इतिहास रचते हुए सबसे तेज 594 पारियों में 27 हजार रन पूरे किए। इससे पहले रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर (623 पारी) के नाम ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भारत के सबसे तेज 50, 100 और 200 रन

रिकॉर्ड-3

भारतीय बल्लेबाजों ने सबसे तेज 50, 100 और 200 रन पूरे किए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले। इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ▶▶|शेष पेज 4 पर

### राहुल की 33 गेंदों में फिफ्टी

रिकॉर्ड-4

केएल राहुल ने 33 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया। इसके साथ ही वह दिग्गज कपिल देव के खास क्लब में शामिल हो गए। वह टेस्ट इतिहास में छठे सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में टॉप पर ऋषभ पंत (28 गेंद) हैं। दूसरे नंबर पर कपिल देव-30 गेंद, फिर यशस्वी जयसवाल-31 गेंद, ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एक दिन में बने 437 रन

रिकॉर्ड-5

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन कुल 437 रन बने, जबकि इस दिन 18 विकेट भी गिरे। चौथे दिन दोनों टीमों ने मिलकर कुल 85 ओवर खेले। भारत में यह टेस्ट मैच में किसी दिन बना दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। इससे पहले 2009 में श्रीलंका और भारत के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दूसरे दिन 470 रन ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मैच का हाल

दूसरे टेस्ट के पहले दिन सिर्फ 35 ओवर का खेल हुआ था। बांग्लादेश ने 107/3 का स्कोर किया था। दूसरे और तीसरे दिन बारिश और आउटफिल्ड गीली होने के कारण एक भी गेंद नहीं फेंका जा सका। चौथे दिन बांग्लादेश ने 233 और भारत ने 9 विकेट पर पारी घोषित करते हुए 285 रन बनाए। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 2 विकेट पर 26 रन बनाए है।



## कोहली के सबसे तेज 27,000 रन

रिकॉर्ड-1

भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने सिर्फ 594 पारियों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27000 रन पूरे कर लिए हैं। दूसरी ओर, सचिन ने 623 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। तीसरे स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा हैं जिन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में 648 पारियां लग गई थी। कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर (34,357 रन ) के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है।

---


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## सिंह ने संभाला वायुसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार

**नई दिल्ली।** चीन के जारी एलएसी विवाद और वायुसेना के बेड़े में मौजूद आंतरिक चुनौतियों के बीच सोमवार को एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने नए



वायुसेनाप्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाला। यह जिम्मेदारी उन्हें बल के निवर्तमान प्रमुख एयरचीफ मार्शल वी.आर.चौधरी की 30 सितंबर को हुई सेवानिवृत्ति के बाद सौंपी गई है। वायुसेनाप्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले एयरचीफ मार्शल सिंह वायुसेना में उपप्रमुख के पद पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे।

**आज अंतिम चरण**

*सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान, आठ अक्टूबर को नतीजे*

# कश्मीर में दो पूर्व उपमुख्यमंत्री समेत दांव पर दिग्गजों की किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/जम्मू

*जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीसरे और आखिरी चरण की 40 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग है। इन 40 सीटों पर 415 उम्मीदवार की किस्मत का फैसला 39 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे। पाकिस्तान बॉर्डर के आसपास के इलाकों वाली सीटों और बूथों पर सुरक्षा के ज्यादा कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस फेज में जम्मू क्षेत्र की 24 सीटें हैं तो 16 सीटें कश्मीर इलाके की हैं। इस तरह जम्मू-कश्मीर की सत्ता का फैसला करने वाला यह चरण माना जा रहा है।*

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण की पूर्व संध्या पर सोमवार को सात जिलों में 20,000 से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। इस चरण के चुनाव में दो पूर्व उपमुख्यमंत्रियों तारा चंद एवं मुजफ्फर बेग समेत 415 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। इस चरण के चुनाव में अहम झलकियों में पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों, वाल्मीकि समाज और गोरखा समुदाय की भागीदारी होगी, जिन्हें अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद ही विधानसभा, शहरी स्थानीय निकायों और पंचायत चुनावों में मतदान का अधिकार मिला है।

- कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण में 415 उम्मीदवार मैदान में डटे

**40 विधानसभा क्षेत्र** | **39.18 लाख मतदाता** | **5,060 मतदान केंद्र**

### तीन चरणों में मतदान

18 सितंबर-पहला चरण-61.38 फीसदी
26 सितंबर-दूसरा चरण 57.31 फीसदी
1 अक्टूबर को अंतिम चरण



### ये दिग्गज आजमा रहे किस्मत

तीसरे चरण में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सज्जाद लोन और नेशनल पैंथर्स पार्टी इंडिया के अध्यक्ष देव सिंह जैसे प्रमुख नेताओं की किस्मत दांव पर है। लोन कुपवाड़ा की दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, देव सिंह उधमपुर की चेनानी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### इधर, हरियाणा में 5 अक्टूबर को मतदान

कश्मीर में मंगलवार को विधानसभा चुनाव पूरा हो जाएगा। इधर, हरियाणा में विस चुनाव को लेकर सियासत गरमाई है। यहां 5 अक्टूबर को मतदान होगा। इसके बाद 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा दोनों राज्यों में वोटों की गिनती होगी। हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। चुनाव आयोग ने पहले हरियाणा के लिए 1 अक्टूबर को मतदान कराने की घोषणा की थी।

**ट्रेन में यात्रियों को मिलेगा शुद्ध और सात्विक फलाहारी भोजन**

# नवरात्रि पर फलाहारी थाली, ट्रेन में दो घंटे पहले देना होगा आर्डर

### बेस किचन से खाना बनाकर ट्रेन में चढ़ाया जाएगा

ललित राठौड़ ▶▶| रायपुर

खास खबर

नवरात्रि पर्व के दौरान उपवास रखने वाले यात्रियों को ट्रेन में शुद्ध एवं सात्विक भोजन मिलेगा। आईआरसीटीसी 'नवरात्रि थाली' सुविधा शुरू करने जा रहा है, जिसमें रायपुर के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन भी शामिल है। ट्रेनों और स्टेशन पर यात्रियों को इस बार फलाहारी के साथ थाली की भी सुविधा नौ दिनों तक मिलेगी, जिसकी कीमत 60 रुपए से 200 तक बताई जा रही ▶▶|शेष पेज 4 पर

**दर्जनभर नए व्यंजन**



### बढ़ेगी अन्य स्टेशन पर सुविधा

*फलाहारी व्यंजनों की उपलब्धता के लिए स्टेशनों की संख्या और बढ़ाने की तैयारी है, जिससे यात्रियों को आसानी से फलाहारी भोजन मिल सके। मांग के अनुसार स्टेशन बढ़ाए जाएंगे। आईआरसीटीसी अधिकारियों का कहना है कि रायपुर, दुर्ग समेत नई दिल्ली, कानपुर सेंट्रल, जबलपुर, रतलाम, जयपुर, पटना, राजेंद्र नगर, अंबाला छावनी, झांसी, औरंगाबाद,* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### फलाहारी में नए व्यंजन किए शामिल

उपवास रखने वाले यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी ने इस बार फलाहारी व्यंजनों की संख्या बढ़ा दी है। फल और आलू की सब्जी के अलावा इस बार यात्री कुट्टू के आटे से बने व्यंजन, साबूदाना की खिचड़ी, सूखे मखाने, साबूदाना मूंगफली नमकीन, आलू की टिक्की, जीरा आलू, फ्रेंच फ्राइज, साबूदाना वड़ा, फलाहारी चिवड़ा, फलाहारी थाली, मलाई बर्फी, ▶▶|शेष पेज 4 पर





^551 ईनाम का ऑन लाईन लकी ड्रॉ इवेंट अनुमानित दिसम्बर 2024 में झारखण्ड और छत्तीसगढ़ के लिए आयोजित किया जाएगा। इन ईनामों की अनुमानित कीमत और संख्या ₹11 09 900. तक का 1 ट्रैक्टर, ₹6 12 900. तक की 1 कार, 25 g - 3 GOLD COIN-22 Carat, ₹1 75 000. तक की 5 बुलेट, ₹1 20 000. तक के 5, 6' रोटावेटर, ₹66 000. तक की 6 मोटर साइकिल, ₹12 000. तक की 15 वाशिंग मशीन, ₹10 000. तक की 25 LED TV, ₹8 000. तक के 55 मोबाईल फोन, ₹2 500. तक के 175 जूसर मिक्सर, ₹1 500. तक के 260 रिस्ट वॉच। ईनाम से सम्बन्धित सभी सरकारी लेवी/कर ग्राहक द्वारा वहन किये जाएंगे। ^ऊपर दर्शाये गए ईनाम केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं, मूल ईनाम भिन्न हो सकते हैं। *नियम एवं शर्तें लागू, दर्शाए गए मॉडल्स की कीमतें और ऑफर सोनालीका के छत्तीसगढ़ के डीलरों के सौजन्य से, आर.टी.ओ., इंश्योरेन्स, फाइनेन्स एवं एक्सचेंज शामिल नहीं हैं। *दिखाई गई कीमतें Ex-Showroom हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.sonalika.com और अपनी नज़दीकी डीलरशिप पर विजिट करें।

मिस्ड कॉल: 9672818444

**खरगे की पीएम मोदी पर टिप्पणी पर भाजपा की दो टूक**

# कांग्रेस अध्यक्ष के कथन को नाराज शाह ने अप्रिय और अपमानजनक बताया, सिंह भी दिखे 'खिन्न'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताई और इसे बिल्कुल अप्रिय और अपमानजनक बताया।

रविवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के जसरोटा निर्वाचन क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने कहा था कि हम जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे। मैं 83 साल का हूं और इतनी जल्दी मरने वाला नहीं हूं। मैं तब तक जिंदा रहूंगा, जब तक पीएम मोदी सत्ता से बाहर नहीं हो जाते। शाह ने एक्स पर लिखा, रविवार को खरगे ने अपने भाषण में अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने अपनी कटुता का परिचय देते हुए पीएम मोदी को अनावश्यक तौर पर अपने स्वास्थ्य से जुड़े मसले में घसीटते हुए कहा कि वे मोदी को सत्ता से हटाकर ही मरेंगे।

**राजनाथ का खरगे पर तंज :** इस मामले पर भाजपा नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। हरियाणा में एक रैली को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चक्कर आने के बावजूद मंच से हटते हुए भी वह मोदी को हटाने की बात कर रहे थे। मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। रक्षा मंत्री ने कहा कि कलयुग की मर्यादित उम्र 125 वर्ष की होती है। परमात्मा करे कि आप 125 की उम्र तक जिंदा रहें और तब तक मोदी जी भी भारत के प्रधानमंत्री बने रहें, यह बात मैं नहीं कह रहा हूं, वे खुद बोले हैं।

**श्रीलंका : 17 भारतीय मछुआरे हुए गिरफ्तार :** कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर लीं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि इन 17 मछुआरों को मिला कर इस साल द्वीप राष्ट्र में ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या 413 हो गई है।


## GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA गुरू घासीदास विश्वविद्यालय

(A Central University established by the Central Universities Act, 2009, No.25 of 2009)
KONI, BILASPUR-495 009 (C.G.) INDIA, कोनी बिलासपुर 495009 (छ.ग.) भारत
Tel. - +91-7752-260017,260435, 260209, Fax - +91-7752-260154, 260148, website - www.new.ggu.ac.in

क्रमांक 208/भर्ती/प्रशा/2024 **Walk-In-Interview** बिलासपुर, दिनांक 30.09.2024

इच्छुक एवं अर्ह उम्मीदवारों को शेष शैक्षणिक सत्र 2023-24 (प्रथमत : छ: माह हेतु) अवधि हेतु पूर्णत : अस्थाई शिक्षक के रूप में वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से नियुक्ति हेतु आवेदन के साथ शैक्षणिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव के समस्त अर्हतादायी दस्तावेजों (अंकसूची, प्रमाण पत्र, उपाधि, अनुभव प्रमाण पत्र आदि) की छायाप्रति एवं मूल दस्तावेजों के साथ विश्वविद्यालय वेबपटल पर दिये गये समय सारणी अनुसार रजत जयंती सभागार में आमंत्रित किया जाता है विश्वविद्यालय के पास किसी पद को भरने अथवा न भरने अथवा पदों/ नियुक्तियों की संख्या/ प्रकृति में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

उम्मीदवारों का चयन रु. 25000/- प्रति माह के निश्चित वेतन पर किया जावेगा। शैक्षणिक अर्हता, साक्षात्कार तिथि, पद संख्या (आवश्यकता अनुसार परिवर्तनीय) एवं सामान्य अनुदेशों की अधिक एवं अद्यतन जानकारी के लिये विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.new.ggu.ac.in का नियमित अवलोकन करें।

कुलसचिव



## कार्यालय कलेक्टर, रायपुर (छ.ग.)

**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक/3602 / भू-अर्जन/ 2024 रायपुर दिनांक 23/09/2024

कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर द्वारा ग्राम भेरवा में धरसींवा- कूंरा-सुंगेरा-लखना-भूमिया-पण्डरभट्ठा-भेरवा मार्ग हेतु प्रस्तावित भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 890.00 वर्गमीटर भूमि को "आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत निम्नलिखित भूमि स्वामी की उनके नाम के समक्ष अंकित निजी स्वामित्व की भूमि को क्रय किए जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। संबंधित भूमि स्वामियों से प्रारूप "ख" में भूमि विक्रय करनें के संबंध में स्वीकृति प्राप्त किया जा चुका हैः-

| क्र. (1) | भूमिस्वामी का नाम / पता (2) | खसरा नम्बर (3) | रकबा (व.मी. में) (4) |
|---|---|---|---|
| 1 | भगवानी सिंह उर्फ भगवान सिंह पिता श्री दल्लू वर्मा, पान बाई पिता श्री दल्लू वर्मा | 609/1 | 890 |
| | कुल योग | | 890 |

उक्त सार्वजनिक सूचना पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की स्वत्व संबंधी आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथी से 15 दिवस तक लिखित आपत्ती कार्यालय कलेक्टर, रायपुर में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

कलेक्टर,
रायपुर (छ.ग.)

G-242502847/1



## कार्यालय, वनमण्डलधिकारी, सामान्य वनमण्डल महासमुन्द जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

Email Id- dfo-mahasamund.cg@gov.in & dfomahasamund@rediffmail.com

सूचना विज्ञप्ति क्रमांक / 4376 महासमुन्द, दिनांक 26-09-2024

**आवश्यक सूचना**

प्रति,

चेयरमैन ने कहा, " तैयार माल के साथ-साथ स्वदेशी घटक परिवेश के विकास से लेकर घरेलू स्तर पर सही तरीके से ध्यान देने तक, भारत के वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनने की संभावनाएं काफी प्रबल हैं।"त्यागराजन ने कहा, भारत पहले से ही दुनिया में उपभोक्ता सतत वस्तुओं के लिए सबसे तेजी से बढ़ता प्रमुख बाजार है और 2027 तक इसके चौथा सबसे बड़ा बाजार बनने की उम्मीद है।

### 2040 तक भारत सबसे बड़ा एयर कंडीशनिंग बाजार होगा

500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और 8.5 लाख से अधिक नौकरियों के सृजन के साथ प्रगति निर्विवाद है। मिसाल के तौर पर एयर कंडीशनिंग क्षेत्र के 2040 तक दुनिया में सबसे बड़ा बनने की उम्मीद है। गुणवत्ता के मोर्चे पर उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पाद वैश्विक विश्वसनीयता की ओर बढ़ रहे हैं।



■ वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच लाख करोड़ का होगा बाजार

### गुणवत्ता परिवेश मजबूत हुआ

त्यागराजन ने कहा, " गुणवत्ता परिवेश को मजबूत करने से उत्पादों में उपभोक्ता का विश्वास बढ़ता है, इसलिए एक मजबूत गुणवत्ता परिवेश का निर्माण करना और क्षेत्र में मानकीकरण को अपनाना तथा प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार की परिकल्पना के तहत वैश्विक स्तर पर भारतीय मानकों का पहुंचाना भी अनिवार्य है।"

### एआई ने क्षेत्र में क्रांति ला दी

चेयरमैन ने कहा कि प्रौद्योगिकी, खासकर कृत्रिम मेधा (एआई) में प्रगति ने इस क्षेत्र में क्रांति ला दी है तथा इसे नए बाजार अवसर और नवीन अनुप्रयोग उपलब्ध कराए हैं।

### पीएलआई योजना का मिल रहा समर्थन

वित्त वर्ष 2029-30 तक बाजार का अनुमानित आकार पांच लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और भारत को आत्मनिर्भर तथा प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत वैश्विक खिलाड़ी बनाने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सहित विभिन्न पहलों के जरिये इस क्षेत्र को सरकार से मिल रहे समर्थन की सराहना भी की।

### उत्पाद अपेक्षाओं पर खरे उतर रहे

त्यागराजन ने कहा, " वैश्विक स्तर पर भारतीय मानकों को अपनाकर और बढ़ावा देकर हम अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे उत्पाद दुनिया भर के उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं पर खरे उतरें।" उन्होंने कहा, " हालांकि हमने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है। साथ ही नवाचार सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

### क्षेत्र का जीडीपी में 25 फीसदी का योगदान

त्यागराजन ने कहा, " हम जो गति देख रहे हैं, वह स्पष्ट संकेत है कि भारत वैश्विक विनिर्माण मंच के एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। हम देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 25 प्रतिशत योगदान करने के विनिर्माण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,272 अंक फिसला

एजेंसी ▸▸| मुंबई

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,272 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी ने 368 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के अलावा विदेशी पूंजी की निकासी होने से भी बाजार में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1272.07 अंक लुढ़क कर 84,299.78 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 368.10 अंक यानी 1.41 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 25,810.85 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, /"निफ्टी के लिए पिछले दो महीनों का सबसे खराब दिन रहा। चीन सरकार के प्रोत्साहन वाले कदमों से विदेशी पूंजी के चीन का रुख करने की आशंका से बाजार को तगड़ा झटका लगा।/"



■ पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से बाजार में कमजोर रुख

### निवेशकों की संपत्ति 3.57 लाख करोड़ रुपए घटी

शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के साथ निवेशकों को 3.57 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,57,885.53 करोड़ रुपये घटकर 4,74,35,137.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

# सोना अपरिवर्तित, चांदी 2,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



■ सोना 78,300 रुपए प्रति दस ग्राम पर स्थिर रहा
■ चांदी लुढ़कर 92,500 रुपए प्रति किलोग्राम रही

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। लगातार नौ दिनों की तेजी के बाद शुक्रवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

हालांकि, स्थानीय बाजारों में सोमवार को चांदी में तीन दिन की जारी तेजी का सिलसिला थम गया और यह 2,000 रुपये लुढ़ककर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। पिछले बंद भाव में चांदी 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अक्टूबर डिलीवरी वाले सोने की कीमत 42 रुपये यानी 0.06 प्रतिशत बढ़कर 74,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एक्सचेंज में दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 586 रुपये यानी 0.64 प्रतिशत टूटकर 90,812 रुपये प्रति किलोग्राम रही। कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की एवीपी (सहायक उपाध्यक्ष) कायनात चैनवाला ने कहा, ''मुद्रास्फीति के नरम आंकड़ों ने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बढ़ाया, लेकिन साथ ही इसके परिमाण के बारे में बहस भी शुरू हो गई।''

### इजराइल-हिजबुल्लाह संघर्ष से सोने में निवेश बढ़ा

चैनवाला ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहे संघर्ष ने सुरक्षित-संपत्ति के रूप में सोने में निवेश बढ़ रहा है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी 0.30 प्रतिशत गिरकर 31.72 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# मोरक्को के लिए बख्तरबंद प्लेटफार्म बनाएगी टीएएसएल




**नई दिल्ली।** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने सोमवार को पहिएदार बख्तरबंद प्लेटफॉर्म बनाने के लिए मोरक्को के रॉयल सशस्त्र बलों के साथ रणनीतिक साझेदारी करने की घोषणा की। कंपनी को उम्मीद है कि इस समझौते के साथ ही अन्य अफ्रीकी देशों में ऐसे ही उपक्रमों की तलाश करने में उसे मदद मिलेगी। यह मोरक्को का पहला बड़ा रक्षा विनिर्माण संयंत्र होगा और भारत के बाहर किसी भारतीय रक्षा मूल उपकरण विनिर्माता की पहली उत्पादन इकाई होगी। टीएएसएल ने कहा कि उसकी स्थानीय इकाई मोरक्को और संभावित रूप से अफ्रीका के अन्य देशों के लिए विशेष वाहन प्रणालियों का उल्लेखनीय संख्या में उत्पादन करेगी।

# सेबी का नई परिसंपत्ति श्रेणी लाने का फैसला

एजेंसी ▸▸| मुंबई



बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने उच्च जोखिम वाले निवेशकों के लिए एक नई परिसंपत्ति श्रेणी शुरू करने के प्रस्ताव पर सोमवार को मुहर लगा दी। नयी परिसंपत्ति की इस श्रेणी में प्रति निवेशक न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश किया जा सकता है। नया निवेश विकल्प आने से परिसंपत्ति निर्माण में लचीलापन लाया जा सकेगा और म्यूचुअल फंड एवं पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) के बीच की खाई को पाटने में मदद मिलेगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी एक बयान में नियामक ने कहा कि ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसे सूचकांकों पर नजर रखने से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं (पैसेविली म्यूचअल फंड) के लिए नियामक ढांचे को ढील देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इससे अनुपालन जरूरतों को कम करने में मदद मिलेगी। सेबी के निदेशक मंडल की बैठक में कुल 17 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

■ भेदिया कारोबार नियमों में संशोधन

*हिंडनबर्ग ने बुच के पति पर लगाए थे आरोप : डिनबर्ग ने बुच और उनके पति धवल बुच पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के भाई विनोद अदाणी के नियंत्रण वाले विदेशी कोष में निवेश करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इस कोष का कथित तौर पर इस्तेमाल पैसे की हेराफेरी और शेयरों की कीमतों को बढ़ाने के लिए किया गया था।*

## एयरटेल ने 2016 के स्पेक्ट्रम का 8465 करोड़ रुपए चुकाया...




**नई दिल्ली।** दूरसंचार परिचालक भारती एयरटेल ने सोमवार को कहा कि उसने 2016 में हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के बदले सरकार को 8,465 करोड़ रुपये का पूर्व भुगतान किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इन देनदारियों पर 9.3 प्रतिशत की ब्याज दर है। बयान में कहा गया है कि भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने 2016 में हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के बदले दूरसंचार विभाग (भारत सरकार) को 8,465 करोड़ रुपये का पूर्व भुगतान किया है।

## बीमा पॉलिसी से बाहर निकलने से जुड़े नए प्रावधान आज से होंगे लागू



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बीमा पॉलिसी को लौटाने (सरेंडर) से संबंधित नया दिशानिर्देश मंगलवार से लागू होने जा रहा है। ऐसा अनुमान है कि इससे बीमा का प्रीमियम बढ़ सकता है या फिर बीमा एजेंटों के कमीशन में कटौती हो सकती है। पॉलिसीधारकों को बेहतर रिटर्न देने के लिए 'सरेंडर वैल्यू' संबंधी संशोधित दिशानिर्देश पेश किए थे।

## बिजनेस साइट

### 'रन रायपुर' दौड़ प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुरू

**रायपुर।** स्वास्थ्य जागरूकता के लिए हरिभूमि, आईएनएच और आयरन लाइफ के संयुक्त तत्वावधान में 24 नवंबर को 'रन रायपुर' दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए है, जिसमें 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर की दौड़ शामिल है। इच्छुक प्रतिभागी **www.iron-life.in** पर पंजीकरण कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में बेंगलुरु के जाने-माने खेल फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. ग्लैडसन जॉनसन भी शामिल होंगे। वह पिछले 21 वर्षों से प्रैक्टिस कर रहे हैं और 'एटिट्यूड प्राइम' नामक एक खेल फिजियोथेरेपी क्लिनिक चलाते हैं। वे दौड़ के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करेंगे। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में शामिल होने पर फ्री टी-शर्ट, फिनिशर मेडल और टाइमिंग प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। 10 किलोमीटर श्रेणी के विजेताओं (पुरुष एवं महिला) को 50,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि 5 किलोमीटर श्रेणी के विजेताओं को 25,000 रुपए मिलेंगे।




### एक्सिस बैंक और नेक्स्ट भारत वेंचर्स के बीच पूंजी उपलब्ध कराने साझेदारी

**रायपुर।** भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने जापान में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन की एक सहायक कंपनी नेक्स्ट भारत वेंचर्स आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया, ताकि समाज में बदलाव लाने पर केंद्रित स्टार्टअप और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसएमई) को उनकी ज़रूरत के अनुरूप कार्यशील पूंजी वित्तपोषण समाधान प्रदान किया जा सके। यह गठजोड़, एमएसएमई को पारंपरिक कोलैटरल के बिना ऋण हासिल करने में मदद करेगा, ताकि वित्तीय बाधाओं को कम किया जा सकेगा और व्यवसाय विकास के लिए आवश्यक पूंजी तक पहुंच को सरल बनाया सके।

### सरकार घटिया सामान के आयात पर लगाना चाहती है अंकुश

# स्क्रू की गुणवत्ता सुनिश्चित करने अधिसूचना जारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने घटिया सामान के आयात पर अंकुश लगाने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ किस्मों के पेंच (स्क्रू) के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड लागू किए हैं। इस संबंध में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 17 सितंबर को एक अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का चिह्न होने पर ही स्क्रू के उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और स्टॉक करने की अनुमति दी जाएगी।

■ घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने स्क्रू के लिए अनिवार्य मानदंड लागू

### न्यूनतम जुर्माना पांच लाख

दूसरी बार और आगे भी इसका उल्लंघन करने पर जुर्माना न्यूनतम पांच लाख रुपये और माल के मूल्य का 10 गुना तक बढ़ जाएगा। उत्तरी भारत स्क्रू विनिर्माता एवं कारोबारी संघ के अध्यक्ष विशाल महाजन ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे चीन से घटिया स्क्रू के आयात में कटौती करने में मदद मिलेगी।




**भारत ने स्क्रू के आयात पर लगाया प्रतिबंध:** भारत 10,000 से 12,000 टन स्क्रू का आयात कर रहा था। सरकार ने जनवरी में 129 रुपये प्रति किलोग्राम से कम कीमत वाले इन स्क्रू के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

**गुणवत्ता सुधारने अनुकूल परिवेश:** देश में पेंच की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और एक अनुकूल परिवेश के विकास के साथ निवेश को आकर्षित करने के लिए सरकार यह अधिसूचना लेकर आई है। बीआईएस अधिनियम के प्रावधान का उल्लंघन करने पर पहली बार में दो साल तक की कैद या न्यूनतम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

### पेचों के लिए 14 भारतीय मानकों की रूपरेखा

इस गुणवत्ता नियंत्रण आदेश में कई तरह के पेंचों के लिए 14 भारतीय मानकों की रूपरेखा दी गई है। हालांकि यह आदेश विदेशी विनिर्माताओं सहित बड़े और मध्यम स्तर के निर्माताओं के लिए अधिसूचना जारी होने के छह महीने बाद लागू होगा।

### कारोबार सुगमता के तहत कई छूट भी

*कारोबारी सुगमता को ध्यान में रखते हुए इस आदेश में कई तरह की छूट भी दी गई हैं। किसी भी तैयार माल या घटक के हिस्से के रूप में आयातित माल को छूट मिलेगी और निर्यात के लिए उत्पाद बनाने के लिए घरेलू निर्माताओं द्वारा आयातित उत्पादों को भी छूट दी जाएगी।*

टेस्ट क्रिकेट

दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है भारतीय टीम

# भारत ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश पर कसा शिकंजा, आज निकल सकता है नतीजा

एजेंसी ▶▶| कानपुर

कानपुर टेस्ट मैच में चौथे दिन सोमवार को स्टम्प के समय तक बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में दो विकेट के नुकसान पर 26 रन बना लिए थे। बांग्लादेश भारत से अब भी 26 रन पीछे है और उसके 8 विकेट शेष हैं। खेल के चौथे दिन बांग्लादेश की पहली पारी 233 रनों पर सिमट गई। जवाब में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 285 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी। भारत ने महज 34.4 ओवरों में ये रन बनाए। भारत को पहली पारी के आधार पर 52 रनों की लीड मिली।

इस मुकाबले में बारिश का कहर देखने को मिला था। तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी गई थी क्योंकि भारी बारिश के चलते मैदान काफी गीला था। वहीं दूसरे दिन भी बारिश के चलते एक भी गेंद का खेल नहीं हुआ था। जबकि खराब रोशनी और बारिश के चलते पहले दिन सिर्फ 35 ओवर का खेल हो सका था। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने चेन्नई टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 280 रनों से जीत हासिल की थी। रविचंद्रन अश्विन ने कमाल का ऑलराउंड प्रदर्शन किया था।




### 3 ओवर में 50 तूफानी रन

भारतीय टीम की पहली पारी में शुरुआत काफी तूफानी रही। तीन ओवरों में ही भारत ने पचास रन पूरे कर लिए। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने छक्के-चौकों की बरसात कर डाली। हालांकि पचास रन पूरा करने के बाद ये साझेदारी टूट गई। रोहित ने 10 गेंदों पर 23 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश | 00 | 24 | 0 | 0 |
| शादमान पगबाधा बो आकाश | 24 | 36 | 4 | 0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 107 | 194 | 17 | 1 |
| शंटो पगबाधा बो अश्विन | 31 | 57 | 6 | 0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 11 | 32 | 2 | 0 |
| लिटन दास का शर्मा बो सिराज | 13 | 30 | 3 | 0 |
| शाकिब का सिराज बो अश्विन | 09 | 17 | 2 | 0 |
| मिराज का गिल बो बुमराह | 20 | 42 | 4 | 0 |
| तैजुल इस्लाम बो बुमराह | 05 | 08 | 1 | 0 |
| हसन महमूद बो सिराज | 01 | 04 | 0 | 0 |
| खालिद का और बो जडेजा | 00 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 74.2 ओवर में 233/10
गेंदबाजी : बुमराह 18-7-50-3, सिराज 17-2-57-2, अश्विन 15-1-45-2, आकाश दीप 15-6-43-2, जडेजा 9.2-0-28-1.

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो महमूद | 72 | 51 | 12 | 2 |
| रोहित शर्मा बो मेहदी हसन | 23 | 11 | 1 | 3 |
| गिल का महमूद बो शाकिब | 39 | 36 | 4 | 1 |
| पंत का महमूद बो शाकिब | 09 | 11 | 0 | 0 |
| विराट कोहली बो शाकिब | 47 | 35 | 4 | 1 |
| राहुल स्ट लिटन बो मेहदी हसन | 68 | 43 | 7 | 2 |
| जडेजा का शंटो बो मेहदी हसन | 08 | 13 | 0 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो शाकिब | 01 | 04 | 0 | 0 |
| आकाश दीप का महमूद बो मेहदी | 12 | 05 | 0 | 2 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 34.4 ओवर में 285/9 घोषित
गेंदबाजी : महमूद 6-0-66-1, अहमद 4-0-43-0, मेहदी हसन 6.4-0-41-4, इस्लाम 7-0-54-0, शाकिब 11-0-78-4.

### कोहली ने तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा

विराट कोहली और केएल राहुल ने मोर्चा संभाल लिया. कोहली ने 35 रन बनाते ही इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 27000 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पछाड़ दिया।

### भारत : सबसे तेज अर्धशतक

| गेंद | खिलाड़ी | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 28 | ऋषभ पंत | श्रीलंका | 2022 |
| 30 | कपिल देव | पाकिस्तान | 1982 |
| 31 | शार्दुल ठाकुर | इंग्लैंड | 2021 |
| 31 | यशस्वी जायसवाल | बांग्लादेश | 2024* |
| 32 | वीरेंद्र सहवाग | इंग्लैंड | 2008 |
| 33 | लोकेश राहुल | बांग्लादेश | 2024* |

### सबसे तेज टीम शतक

| ओवर | देश | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 10.1 | भारत | बांग्लादेश | 2024 |
| 12.2 | भारत | वेस्टइंडीज | 2023 |
| 13.1 | श्रीलंका | बांग्लादेश | 2001 |
| 13.4 | बांग्लादेश | वेस्टइंडीज | 2012 |
| 13.4 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | 2022 |
| 13.4 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | 2022 |
| 13.6 | ऑस्ट्रेलिया | भारत | 2012 |

### 3000 रन और 300 विकेट

| मैच | खिलाड़ी |
|---|---|
| 72 | इयान बॉथम |
| 74 | रवींद्र जडेजा* |
| 75 | इमरान खान |
| 83 | कपिल देव/ रिचर्ड हैडली |
| 87 | शॉन पोलॉक |
| 88 | आर. अश्विन |



### 17 सीरीज से भारत है घर में अजेय

भारत का घरेलू जमीन पर रिकॉर्ड शानदार रहा है। साल 2012 से घर में टीम इंडिया ने धांसू खेल दखिाया है। तब से भारत अपने घर में एक भी टेस्ट सीरीज में नहीं हारा। यानी नवंबर 2012 से भारत लगातार 17 घरेलू टेस्ट सीरीज में अपराजित है।

# भारत ने विश्व चैंपियनशिप में जीते दो कांस्य पदक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमशः 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

राइफल निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628.9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही। मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालिफिकेशन में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं, जिससे उनके बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला खेल गया। लक्षिता व प्रमोद की जोड़ी ने कनिष्का डागर व मुकेश नेलावली की जोड़ी पर 16-8 से जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप



### चोटिल द्रविड़ पहले अंडर 19 मैच से बाहर

**चेन्नई।** चोटिल समित भारत की अंडर 19 और आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीमों के बीच यहां सोमवार से शुरू हुए पहले चार दिवसीय मैच से बाहर हो गए हैं और दूसरे मैच तक भी उनके फिट होने की संभावना नहीं है। घुटने की चोट से जूझ रहे समित इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं। उनका पुडुचेरी में भारत की अंडर 19 टीम में पदार्पण तय लग रहा था लेकिन वह तीन युवा वनडे मैच नहीं खेल सके। भारत ने श्रृंखला 3-0 से जीती।

### रक्षा ने क्रोएशिया और बेल्जियम में जीते खिताब

**मुंबई।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कंदासामी ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए क्रोएशिया इंटरनेशनल और बेल्जियम जूनियर टूर्नामेंट खिताब जीते। सोलह वर्ष की रक्षा दोनों टूर्नामेंटों में अपराजेय रही। उन्होंने क्रोएशिया इंटरनेशनल के फाइनल में इंग्लैंड की लियोना ली को 21-9, 21-5 से हराया। इसके अलावा बेल्जियम में जर्मनी की ग्लोरिया पोलुएक्तोवा को 21-14, 10-21, 22-20 से मात दी।



### मुंबई और शेष भारत के बीच मैच आज

**लखनऊ।** रणजी चैंपियन मुंबई और शेष भारत की टीमें मंगलवार से ईरानी ट्रॉफी के लिए लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में जोर आजमाइश करेंगी। इस अहम मुकाबले से पहले मुंबई को करारा झटका लगा है। उसके प्रमुख ऑलराउंडर मुशीर खान हाल ही में हुए एक सड़क हादसे में जख्मी होने के कारण इस मुकाबले से बाहर हो गए हैं। ईरानी कप मौजूदा रणजी चैंपियन और देश के शेष राज्यों के खिलाड़ियों की टीमों के बीच घरेलू क्रिकेट कैलेंडर का अहम मुकाबला होता है।



# मेदवेदेव से खेलेंगे अल्कारेज सबालेंका 14 मैचों से अजेय

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने सोमवार को यहां कारेन खाचानोव के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ लगातार दूसरे साल चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के 21 साल के अल्कारेज ने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव को 7-5, 6-2 से हराया। अल्कारेज ने 12 में से चार ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाया और 96 मिनट में जीत दर्ज की।

अल्कारेज की यह सत्र की 46वीं जीत है जिसकी बदौलत वह फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियन एटीपी 'लाइव रैंकिंग' में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। सेमीफाइनल में अल्कारेज की भिड़ंत दानिल मेदवेदेव से होगी। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने इटली के फ्लावियो कोबोली को सीधे सेट में 6-2, 6-4 से हराया। इससे पहले आंद्रे रूब्लेव ने रविवार को बारिश से प्रभावित मैच में सोमवार को एलेजांड्रो डेविडोविच फोकिना को 6-4, 7-5 से हराया। वह क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी बू युनचाओकेट से भिड़ेंगे।



### सबालेंका की दो सेट में आसान जीत

महिला एकल में एरिना सबालेंका ने एशलिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज की। सबालेंका अगले दौर में मेडिसन कीज से भिड़ेंगी जिन्होंने ब्राजील की बीट्रिस हदाद माइया को 6-3, 6-3 से हराया। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने केटी वोलीनेट्स को 6-3, 6-2 से हराया और प्री क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ से होगी। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जैस्मिन पाओलिनी ने 45वें नंबर की पोलैंड की मेग्दा लिनेट को 6-4, 6-0 से शिकस्त दी।



# पाक दौरे पर सरकार को करना है फैसला

**कानपुर।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है। शुक्ला ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा, 'अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं। इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे।'

# ऑस्ट्रेलिया-19 के खिलाफ भारत मजबूत, सूर्यवंशी का अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| चेन्नई




महज 13 साल के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के नाबाद अर्धशतक से भारत अंडर-19 ने चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैच के शुरुआती दिन सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के 293 रन के जवाब में बिना किसी नुकसान के 103 रन बना लिए। सूर्यवंशी ने 47 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 81 रन बनाकर प्रभावित किया।

इससे पहले केरल के होनहार लेग स्पिनर मोहम्मद ईनन (48 रन पर तीन विकेट) और कर्नाटक के तेज गेंदबाज नागराज (49 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद 71.4 ओवर में 293 रन पर आउट हो गई।

भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी वीवीएस लक्ष्मण ईनन की प्रतिभा से प्रभावित है और उनकी तारीफ कर चुके हैं। भारत की ओर से तेज गेंदबाज आदित्य रावत (50 रन पर दो विकेट), आदित्य सिंह (85 रन पर एक विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर सोहम पटवर्धन (27 रन पर एक विकेट) भी विकेट लेने वालों में शामिल रहे।




# भारत बना सैफ अंडर-17 चैंपियन

**थिम्पू।** भारतीय फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप के फाइनल में सोमवार को यहां बांग्लादेश को 2-0 से हराकर आयु वर्ग के इस टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखा। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर की मदद से गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। आखिरी क्षणों (90+पांच मिनट) में मोहम्मद अरबाश ने गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना करने के साथ ही मैच में बांग्लादेश की वापसी के दरवाजे बंद कर दिए। एक गोल से पिछड़ने के बाद बांग्लादेश ने भी वापसी के लिए जोर लगाया लेकिन मैच के 67वें मिनट में भारतीय गोलकीपर ने अहेबाम सूरज सिंह उनके प्रयास को विफल कर दिया। भारत ने पिछले साल भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में बांग्लादेश को इसी अंतर से हराया था।

# पहली अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग टी20 में खेलेंगे सचिन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे जब वह इस साल तीन आयोजन स्थलों पर होने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में हिस्सा लेंगे। इस टी20 प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा लेंगी। आईएमएल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसके मैच मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। हर साल आयोजित होने वाला यह टी20 टूर्नामेंट तेंदुलकर और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की योजना का हिस्सा है। गावस्कर इस लीग के आयुक्त भी होंगे।



# रेलवे ने जीता मुरुगप्पा गोल्ड कप हॉकी खिताब...





**चेन्नई।** गत चैंपियन भारतीय रेलवे ने आरएसपीबी ने इंडियन आइल कारपोरेशन को 5-3 से हराकर 95वां अखिल भारतीय एमसीसी मुरुगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। आरएसपीबी ने आक्रामक शुरुआत की और सातवें ही मिनट में गुरसाहिबजीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सिमरनजोत सिंह ने दो मिनट बाद बढ़त दोगुनी कर दी। युवराज वाल्मीकि ने 18वें और 58वें मिनट में गोल दागे जबकि मुकुल शर्मा ने 35वें मिनट में पांचवां गोल किया। आईओसी के लिए 23वें मिनट में तलविंदर सिंह ने और 29वें मिनटमें गुरजिंदर सिंह ने गोल किया। राजबीर सिंह ने 58वें मिनट में गोल दागा।

# सीएसए ने बांग्लादेश दौरे को दी स्वीकृति

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को सीनियर पुरुष टीम के दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश दौरे को मंजूरी दे दी। बांग्लादेश दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल द्वारा हिंसाग्रस्त एशियाई देश की सुरक्षा आकलन के बाद दौरे को स्वीकृति दी गई। बांग्लादेश में तब से उथल-पुथल मची हुई है जब प्रधानमंत्री शेख हसीना पांच अगस्त को कई सप्ताह तक चली अशांति के बाद देश छोड़कर चली गईं। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को महिला टी20 विश्व कप यूएई में स्थानांतरित करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका 16 अक्टूबर को ढाका पहुंचेगा।



## 'बेंच स्ट्रेंथ' 10 साल तक भारत का दबदबा बनाने में सक्षम

**बेंगलुरु।** बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलैंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में ऐसी 'बेंच स्ट्रेंथ' है कि अगले एक दशक तक हर प्रारूप में विश्व क्रिकेट में भारत का दबदबा बनाने में मदद कर सकते हैं। लक्ष्मण 2021 में राहुल द्रविड़ के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख बने थे। अब एनसीए को ही उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर आफ एक्सीलैंस) में बदल दिया गया है जिसका उद्घाटन रविवार को हुआ। लक्ष्मण का कार्यकाल इस साल की शुरुआत में खत्म हो गया था लेकिन इसमें एक साल का विस्तार दिया गया। लक्ष्मण ने कहा, 'पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हमारे पास इतने खिलाड़ी हैं कि अगले दस साल तक भारत को गौरवान्वित कर सकते है। यह मैं सिर्फ पुरुष क्रिकेट नहीं बल्कि महिला क्रिकेट के बारे में भी बोल रहा हूं। हम खुशकिस्मत हैं कि हमारे पास इतने प्रतिभावान खिलाड़ी हैं।

# शीर्ष वरीय विष्णु वैदेही फेनेस्टा ओपन में जीते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शीर्ष वरीय विष्णु वर्धन और वैदेही चौधरी ने सोमवार को यहां डीएलटीए परिसर में 29वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के पहले दिन जीत दर्ज की। एशियाई खेलों में कई पदक जीत चुके पूर्व डेविस कप खिलाड़ी विष्णु ने पुरुष एकल के पहले दौर में हरियाणा के उदित कंबोज को 7-5, 6-1 से हराया। महिला एकल में 2022 की राष्ट्रीय चैंपियन वैदेही ने शैली ठक्कर के खिलाफ सीधे सेट में 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की जबकि कर्नाटका की सोहा सादिक ने दिल्ली की कशिश भाटिया को आसानी से 6-0, 6-1 से हराया। तमिलनाडु के अभिनव संजीव ने उलटफेर करते हुए तीसरे वरीय इशाक इकबाल को 6-1, 7-6 से हराया जबकि छठे वरीय रणजीत वीएम ने ओगेस प्रकाश को 6-0, 6-2 से शिकस्त दी।

**प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान, मैच बाधित :** मैड्रिड। मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रियल मैड्रिड के बीच ला लिगा फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार का मैच बीच में रोकना पड़ा जब एटलेटिको के प्रशंसकोंने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को 'लॉकर रूम' में भेज दिया गया। मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे।

छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर
अपेक्स बैंक (Apex bank)
मुख्यालय, "सहकार भवन", प्लॉट नं.-74, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) 492002
Website : www.cgapexbank.com Email : cg.apexbank.ho@gmail.com
छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्र 2982 दिनांक 30/09/2024
छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में सीधी भर्ती के 09 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत पात्र एवं अभ्यर्थियों के संबंध में सूचना
छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 1971 दिनांक 22.08.2024 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक- (2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक के सीधी भर्ती के कुल 09 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के **दस्तावेजों का सत्यापन** दिनांक 30.09.2024 को किया गया। दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अंतरिम सूची, छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर की वेबसाईट www.cgapexbank.com पर दिनांक 01.10.2024 को अपरान्ह में प्रकाशित की जायेगी। अपात्र अभ्यर्थी अपना दावा-आपत्ति दिनांक 03.10.2024 से 05.10.2024 तक **छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर अपेक्स बैंक मुख्यालय "सहकार भवन", प्लॉट नं.-74, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) 492002 में कार्यालयीन समयावधि में कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक** 11.10.2024 को छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर की वेबसाईट पर किया जायेगा। दावा-आपत्ति के संबंध में अन्य आवश्यक निर्देश छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर की वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे।
प्रबंध संचालक

छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर
अपेक्स बैंक (Apex bank)
मुख्यालय, "सहकार भवन", प्लॉट नं.-74, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) 492002
Website : www.cgapexbank.com Email : cg.apexbank.ho@gmail.com
छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्र 2981 दिनांक 30/09/2024
छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में सीधी भर्ती के 380 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों के संबंध में सूचना
छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 1969 दिनांक 22.08.2024 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, अंबिकापुर एवं जगदलपुर में **सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर), कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक एवं समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग)** पद पर सीधी भर्ती के कुल 380 पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया दिनांक 23.09.2024 से दिनांक 27.09.2024 तक की गई। दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अंतरिम सूची, छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर की वेबसाईट www.cgapexbank.com पर दिनांक 01.10.2024 को अपरान्ह में प्रकाशित की जायेगी। अपात्र अभ्यर्थी अपना दावा-आपत्ति दिनांक 03.10.2024 से 05.10.2024 तक **छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर अपेक्स बैंक मुख्यालय "सहकार भवन", प्लॉट नं.-74, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर(छ.ग.) 492002 में कार्यालयीन समयावधि में कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक** 14.10.2024 को छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर की वेबसाईट पर किया जायेगा।
दावा-आपत्ति के संबंध में अन्य आवश्यक निर्देश छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर की वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे।
प्रबंध संचालक

LOGISTICS PARTNER FOR LOADING, BULK TRANSPORTATION, UNLOADING & DISPOSAL OF ASH
INVITING EXPRESSION OF INTEREST
Vedanta Limited, a subsidiary of Vedanta Resources Limited, is the world's leading Metals and Oil & Gas company with interests in Aluminium, Oil & Gas, Zinc, Lead, Silver, Copper, Iron Ore, Steel, Nickel, Power & Glass Substrate and foraying into electronics and display glass manufacturing.
Vedanta's Aluminium Business is India's largest primary aluminium producer having an installed smelting capacity of ~2.3 MTPA. Bharat Aluminium Company Limited (BALCO), a subsidiary of Vedanta Aluminium, operates a 0.57 MTPA aluminium smelter at Korba, Chhattisgarh.
Bharat Aluminium Company invites Expression of Interest (EOI) from prospective logistics partners for loading, bulk transportation, unloading and disposal of ash (conditioned fly ash, bottom ash & pond ash) of capacity equivalent to 600 MW (IPP) from its 2010 MW coal-based thermal power plant at BALCO Nagar, Korba, Chhattisgarh. Offers are invited from interested agencies for transportation and disposal of ash in slab of 50 Km distance as per the prevailing guidelines/notifications of Ministry of Power (MoP), Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEFF & CC) and State Pollution Control Board (SPCB).

Expression of Interest to be submitted by 8th October 2024 to E-mail: tender.need@vedanta.co.in
For further information, bidders can login to: http://www.balcoindia.com/tenders/
BALCO reserves its right not to proceed with the work notified in the EOI at any time without assigning any reason at its sole discretion.

# कितना बचा है 'सूर्य' का जीवन? जब जिंदा नहीं रहेगा सूरज, तो कैसी होगी दुनिया?

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

सूर्य हमारी ज़िंदगी और हमारे प्लानेट के लिए बहुत ज़रूरी चीज़ है।हम सूर्य के बिना ज़िंदगी जीने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। कभी आपने सोचा है कि हमारे लिए इतने आवश्यक सूर्य की उम्र क्या होगी? ये कब से यूं ही चमक रहा है और कितने और सालों तक चमकेगा? ये तो हम सभी जानते हैं यह गर्म गैस का एक विशाल गोला है जो लगातार ऊर्जा उत्पन्न करता रहता है। हालांकि क्या आपने कभी सोचा है कि सूर्य की उम्र कितनी है और ये कब तक जीवित रहेगा?

## अभी बूढ़ा नहीं हुआ है सूर्य

सूर्य हमारी पृथ्वी सहित पूरे सौर मंडल का केंद्र है।यह ऊर्जा का बड़ा स्रोत है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सूर्य कितने समय तक जीवित रहेगा? क्या आपने कभी सोचा है कि हमारी दुनिया को रोशन करने वाला सूरज हमेशा चमकता रहेगा? इस सवाल का जवाब है -नहीं. सूर्य भी एक तारा है और हर तारे की तरह इसकी भी अपनी एक उम्र है। सूर्य लगभग 4.6 अरब वर्ष पुराना तारा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह अभी भी अपने जीवन के मध्य चरण में है। यानी सूर्य अभी बूढ़ा नहीं हुआ है।



**हाइड्रोजन ख़त्म होने पर हो जाएगा लाल :** जब सूर्य के आंतरिक भाग में सारी हाइड्रोजन ख़त्म हो जाएगी, तो यह लाल हो जाएगा। फिर यह धीरे-धीरे सिकुड़कर एक छोटे तारे में बदल जाएगा, जिसे सफ़ेद बौना कहा जाएगा।

## सूर्य की चमक नहीं पड़ेगी फीकी

नासा के मुताबिक सूर्य अब भी 5,000,000,000 यानी 5 अरब साल और जीने वाला है। इसकी कुल उम्र 9 से 10 अरब साल है।जब उसकी उम्र ढल जाएगी तो सूर्य आग का गोला नहीं रह जाएगा, लेकिन इसकी चमक फीकी नहीं पड़ेगी। ये अब से 2000 गुना ज्यादा चमकदार हो जाएगा। सूर्य के अंदर हाइड्रोजन नामक तत्व है। ये हाइड्रोजन परमाणु आपस में मिलकर हीलियम बनाते हैं। इस प्रक्रिया से बहुत अधिक ऊर्जा निकलती है, जिसकी वजह से सूर्य गर्म रहता है। उम्र पूरी होने के बाद सूर्य और भी बड़ा हो जाएगा, लेकिन बिल्कुल ठंडा होगा।

# विज्ञापन का पैसा नहीं दिया, चेक बाउंस रवि भूतड़ा को दो साल की सजा

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

समाचार पत्र में विज्ञापन छपवाने के बाद उसके राशि के चेक बाउंस हो जाने के मामले में न्यायालय गंभीर माना है। और, रवि भूतड़ा करहीबदर बालोद वाले को 2 साल की सजा एवं 7,01,054 रुपए का जुर्माना लगाया है। रवि भूतड़ा ने हरिभूमि रायपुर में विज्ञापन प्रकाशित कराया था। विज्ञापन के प्रकाशन उपरांत उसके राशि का भुगतान चेक द्वारा अखबार वाले को दिया था। हरिभूमि द्वारा विज्ञापन की राशि 4,93,700 रुपए के चेक को प्राप्त करने हेतु अपने बैंक में प्रस्तुत करने पर अभियुक्त का चेक खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गया था। हरिभूमि द्वारा आरोपी को अपने अधिवक्ता के माध्यम से चेक बाउंस की नोटिस देकर मांग करने एवं नोटिस मिलने के 15 दिन बाद भी आरोपी द्वारा चेक बाउंस की राशि नहीं दिए जाने पर अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में परिवाद प्रकरण प्रस्तुत किया गया था।

**7,01,054 रुपए जुर्माना भी**

न्यायालय में अभियुक्त द्वारा अपराध अस्वीकार करने हुए विचारण चाहा गया था। न्यायालय में कहा गया था कि झूठा फंसाया गया है। न्यायालय में प्रकरण 2017 में लंबित था। 7 साल तक मामले की सुनवाई चली थी। हरिभूमि के तरह से उनके स्थायी अधिवक्ता श्री कांति शर्मा एवं कृष्णा शर्मा ने न्यायालय में पैरवी किए थे। दोनों पक्षों के सबूत, गवाह और तर्क को सुनने के बाद प्रथम श्रेणी न्यायायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती स्वर्णलता ओम यादव ने आरोपी रवि भूतड़ा को दोषी माना। प्रकरण की परिस्थिति को एवं समाज में बढ़ रहे चेक अनादरण के अपराध को देखते हुए अभियुक्त को 2 वर्ष के कारावास की सजा एवं 7,01,054 रुपए परिवादी को प्रतिकर अदा करने का आदेश दिया है। राशि नहीं देने पर 30 दिन का अतिरिक्त सजा दिया गया है।

# मोसाद से भी खतरनाक हैं दुनिया की कुछ खुफिया एजेंसियां

*लंदन। इजराइल ने लेबनान के कट्टरपंथी संगठन हिजबुल्लाह के चीफ हसन नसरल्लाह को हवाई हमले में मार दिया है। इसके बाद भी इस्राइल हिज्बुल्लाह पर लगातार मिसाइल से हमला कर रहा है। इन हमलों में इजराइल की खुफिया एजेंसियों ने अपनी काबिलियत और ताकत पूरी दुनिया को दिखा दी है। इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद दुनिया की खतरनाक खुफिया एजेंसियों में शामिल है। दुनिया की कुछ खुफिया एजेंसियों को मोसाद से भी खतरनाक माना जाता है।*

## मोसाद की कितनी है ताकत?



इजराइल के पहले प्रधानमंत्री डेविड बेन गुरियोन ने 13 दिसंबर 1949 में मोसाद का गठन किया गया था। दरअसल, पीएम डेविड का मकसद था कि एक ऐसे संगठन को तैयार किया जाए, जो सेना के साथ मिलकर देश की सुरक्षा के लिए खुफिया तौर पर काम करता रहे। मोसाद का सालाना बजट 2.73 अरब डॉलर यानी 22810 करोड़ रुपए है। जानकारी के मुताबिक, मोसाद के तहत करीब 7000 लोग काम करते हैं। इसके कारण यह दुनिया की सबसे बड़ी जासूसी एजेंसियों में शामिल है।

## सीआईए




अमेरिका की सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी सीआईए (**CIA**) भी बेहद खतरनाक मानी जाती है। इसे अमेरिका की फस्ट लाइन ऑफ डिफेंस भी कहा जाता है। सीआईए की स्थापना साल 1947 में की गई थी। इसका काम विदेशी जासूसों से देश की रक्षा करना और दूसरे देशों की जासूसी करना है। अमेरिका ने साल 2020 में राष्ट्रीय खुफिया कार्यक्रम के लिए कुल 62.7 अरब डॉलर यानी 4 लाख 80 हजार करोड़ रुपए का बजट पास किया गया था। खास बात यह है कि यह टेक्नोलॉजी के अलावा मानवीय जासूसी पर ज्यादा काम करती है और सिर्फ मानवीय जासूसी पर 30 हजार करोड़ खर्च करती है। सीआईए ऐसी एजेंसी है, जिसने कबूतरों के जरिए भी बहुत जासूसी की थी। सीआईए ने साबित किया था कि कैसे कबूतरों से काम कराया जाता है।

## एनएसए


नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी (एनएसए) भी अमेरिका की खुफिया एजेंसी है। यह एजेंसी सिग्नल इंटेलिजेंस पर काम करती है। यह देश और विदेश दोनों स्तर पर काम करती है। अमेरिका के नेताओं को एनएसए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करके राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बजब के हिसाब से यह अमेरिका की सबसे बड़ी खुफिया एजेंसी है।

## एमआई 6

यह यूनाइटेड किंगडम (यूके) का मिलिट्री इंटेलिजेंस सेक्शन है। यह दुनियाभर में ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए काम करती है। एमआई6, आतंकवाद का मुकाबला करने, प्रसार को रोकने, साइबर सुरक्षा के लिए खुफिया जानकारी उपलब्ध कराने समेत कई काम करती है।

# हरिभूमि बिलासपुर के जीएम प्रियंक को पितृशोक

**बिलासपुर।** हरिभूमि बिलासपुर के महाप्रबंधक प्रियंक सिह परिहार के पिता अजय सिंह परिहार का सोमवार की सुबह स्वर्गवास हो गया। शाम 5 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुक्तिधाम में आयोजित शोकसभा में हरिभूमि परिवार के साथ शहर के गणमान्य नागरिकों ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



82 वर्षीय स्व. परिहार वर्तमान में उसलापुर स्थित अल्का एवेन्यू में निवासरत थे। पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ थे। दूरसंचार विभाग की शासकीय सेवा में होने के बाद भी स्व. परिहार अपनी सेवा भावना के लिए जाने जाते थे। समाज में भी उनकी सक्रिय भूमिका हुआ करती थी। स्व. परिहार नवीन सिंह परिहार, प्रवीण सिंह परिहार के भाई, प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार व मयंक सिंह परिहार के पिता तथा ऋषभ सिंह परिहार व कृष्णा सिंह परिहार के दादा थे।

# जंगल में खोई पालतू बिल्ली 1200 किमी का सफर तय कर खुद पहुंची घर!

**वॉशिंगटन।** अगर प्यार सच्चा हो तो दूरियां किसी का कुछ नहीं बिगाड़ सकतीं। अमेरिका में इस बात को एक बिल्ली ने सच साबित कर दिया हैं। ये बिल्ली जंगल में खो गई थी, उसके मालिक को लगा था कि वो दोबारा नहीं मिलेगी, मगर अपने मालिक को खोजते-खोजते वो 1200 किमी. दूर पहुंच गई।







Ajay Advt.

**हरिभूमि माह सितम्बर 2024 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 30 दिन | 5.00 | 150.00 |
| | कुल | 150.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक सितम्बर 2024 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com